Title:Need to formulate a time bound programme for the development of roads in the rural areas of the country. − Laid.

डॉ0 सत्यनारायण जटिया (उज्जैन) : अध्यक्ष महोदय, देश में ग्रामीण सड़क निर्माण को समयावधि सुनिश्चित कर प्रत्येक वर्ा लक्ष्य की समीक्षा की जाये। सड़कों की गुणवत्ता तथा लागत राशि की समीक्षा को जिला स्तर पर जन-प्रतिनिधियों की भागीदारी से किया जाये। सड़क निर्माण में दूरस्थ ग्रामों तथा दुर्गम मार्गो को जनसंख्या प्रतिबंध से मुक्त कर प्राथमिकता दी जाये।

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना को गांवों की अच्छी सड़क बनाने तथा इसके उपयोग हेतु ली गयी निजी जमीन का मुआवजा देने के प्रावधान किये जायें। सभी ग्रामीण सड़कों का निर्माण चरणबद्ध रूप में 5 वर्ो में पूरा किया जाये।